<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने भेंट की
पत्रकार जगेन्द्र के मामले में चर्चा

लखनऊः 18 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने भेंट की तथा शाहजहांपुर के पत्रकार श्री जगेन्द्र सिंह की मृत्यु से जुड़े मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि शाहजहांपुर के पत्रकार जगेन्द्र मामले की निष्पक्ष जांच करायें जिससे सही तथ्य सामने आये। उन्होंने कहा कि चूंकि पत्रकार से जुड़ा मामला है इसलिये सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सही जांच से आम जनता की दृष्टि में विश्वास पैदा करने की जरूरत है। राज्यपाल ने स्व0 जगेन्द्र सिंह के परिवार को उचित सहायता राशि देने की भी बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि शाहजहांपुर मामले को लेकर कई राजनैतिक दल, पत्रकार संगठन व अन्य संस्थाओं ने भी ज्ञापन दिया है।

मुख्यमंत्री ने मामले की विस्तृत जांच, पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली श्री आर0के0एस0 राठौर से कराये जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि जाँच पूरी निष्पक्षता, शीघ्रता एवं न्यायोचित ढंग से करायी जायेगी।